भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 66

26 जून, 2019 को उत्तर के लिए

एएन-32 विमान का लापता होना

***66. श्री असादुद्दीन ओवैसी :**

श्री बैन्नी बेहनन :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि एएन-32 विमान हाल ही में अरूणाचल क्षेत्र में लापता हो गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, तथा इसके क्या कारण हैं और विमान में चालक दल के सदस्यों सहित सवार व्यक्तियों की संख्या कितनी है ;

(ख) क्या उक्त विमान का पता लगा लिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बचाव के लिए तैनात / कार्य पर लगाये गये विशेष दस्तों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि एएन-32 सीरीज़ के विमान लगातार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं और यदि हां, तो विगत चार वर्षों के दौरान घटित हुई दुर्घटनाओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार का इन विमानों का समयबद्ध ढंग से उन्नयन करने अथवा इन्हें चरणबद्ध तरीके से हटाये जाने का विचार है ;

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाये गये हैं/उठाये जा रहे हैं; और

(च) विगत चार वर्षों के दौरान भारतीय वायु सेना के दुर्घटनाग्रस्त हुये विमानों / हेलीकॉप्टरों का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह)

(क) से (च): एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है ।

लोक सभा में दिनांक 26 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए तारांकित प्रश्न संख्या 66 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) भारतीय वायु सेना का एएन-32 विमान अरूणाचल प्रदेश में दिनांक 03.06.2019 को लापता होने के बारे में सूचना प्राप्त हुई थी जब वह मेचुका में उन्नत अवतरण ग्राउंड के लिए छोटी उड़ान पर था । विमान में 06 कर्मीदल सदस्यों और 07 यात्रियों सहित कुल 13 व्यक्ति सवार थे ।

(ख) दिनांक 11.06.2019 को भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टरों को अरूणाचल प्रदेश में लीपो के 16 कि.मी. उत्तर में दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे के होने का पता लगा था । भारतीय वायु सेना, भारतीय सेना तथा भारतीय नौसेना के विमानों और हेलीकॉप्टरों को तलाशी तथा बचाव ऑपरेशनों के लिए तैनात किया गया था । इसके अतिरिक्त, जमीन पर लापता विमान का पता लगाने के लिए और कर्मीदल सदस्यों तथा यात्रियों के बचाव हेतु भारतीय वायु सेना और सेना के कार्मिकों के साथ-साथ सिविल पर्वतारोहियों के साथ अनेक दलों को यह कार्य सौंपा गया था ।

(ग) एएन-32 विमान भारतीय वायु सेना के परिवहन बेड़े का प्रमुख विमान है और प्रायः इसकी दुर्घटनाएं नहीं हुई हैं । गत चार वर्षों में दिनांक 03.06.2019 की विमान दुर्घटना को छोड़कर केवल एक एएन-32 विमान उड़ान भरने के दौरान दिनांक 22.07.2016 को बंगाल की खाड़ी में लापता हो गया था ।

(घ) और (ड.) एएन-32 बेड़े के भाग को बेहतर एवियोनिक्स और एयरफ्रेम रिइंफोर्समेंट के साथ उन्नत किया गया है । शेष विमानों को चरणबद्ध तरीके से

उन्नत बनाए जाने की योजना है । वर्तमान में एएन-32 विमान को हटाए जाने की कोई योजना नहीं है क्योंकि उनका उपयोगी सेवाकाल **शेष** है ।

(च) गत चार वर्षों के दौरान विमान दुर्घटनाओं की संख्या निम्नवत है :-

वर्ष	लड़ाकू	हेलीकॉप्टर	परिवहनकर्ता	प्रशिक्षक
2015-16	04	01	01	01
2016-17	06	02	-	01
2017-18	02	-	-	03
2018-19	07	02	-	02
2019-20 (20.06.2019 तक)	-	-	01	-

*****